


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 33 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 15 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार दम्पत्ति तीनों आरोपियों को कोर्ट ने जैल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार रेवास देवड़ा निवासी रायसिंह बावरी के साथ शादी कराने का झांसा देकर बाइक, मोबाइल व पांच हजार रुपए ऐंठने के बाद 2 लाख रुपए और मांगने के मामले में पुलिस ने बरखेड़ापंथ निवासी तुलसीराम बावरी, उसकी पत्नी रानू पति तुलसीराम, रुपी, हाल मुकाम नीमच निवासी यशोदा पति राकेश को गिरफ्तार कर लिया। रिमाण्ड अवधि के बाद तीनों आरोपियों को मंदसौर कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को जैल भेजने के आदेश हुए।




# चांदी ने मारा तगड़ा रिवर्स गेयर..!

## एक लाख को लगभग टच कर पहुंची नीचे

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपावली के बाद से चांदी लगातार सस्ती हो रही है। अब तक 10 फीसदी की गिरावट आई है। सराफा व्यापारियों के मुताबिक चांदी के भाव भले ही कम हो रहे हैं, लेकिन इसमें ज्यादा गिरावट की संभावना अब नहीं है। आगे फिर चांदी के भाव एक लाख रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच सकते हैं। बता दें कि इस बार दीपावली पर चांदी के भाव 99 हजार रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गए थे। दीपावली के बाद से ही इसमें गिरावट शुरू हो गई है। रतलाम सराफा बाजार की बात करें तो अब भाव फिर 90 हजार रुपए प्रतिकिलो के करीब पहुंच गए हैं। सोना भी सस्ता हुआ है। अभी शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में चांदी के भाव कम होने से लोगों को राहत मिली है।

### चांदी इसलिए सस्ती...

दीपावली के त्योहार के चलते चांदी और सोने की लगातार डिमांड बढना। अमेरिका में फिर से ट्रम्प सरकार बनना। ट्रम्प की दोबारा सरकार बनने से डॉलर में मजबूती आई है। इससे भाव में गिरावट आई है। इजराइल, हमास, ईरान के बीच अब तनातनी कम होना।

### एक जनवरी से अब तक चांदी 22 फीसदी हो चुकी महंगी...

एक जनवरी से अब तक चांदी 22 फीसदी महंगी हो चुकी है। रतलाम सराफा बाजार के मुताबिक 1 जनवरी 2024 को भाव 74000 रुपए प्रतिकिलो थे। वहीं अब 90 हजार रुपए प्रतिकिलो हैं। यानी जनवरी से अब तक चांदी 22 फीसदी महंगी हो चुकी है।

### आगे एक लाख रुपए पार कर सकती है चांदी...

सराफा व्यापारियों की माने तो चांदी के भाव में भले ही इस समय कमी आ रही है। लेकिन, आगे ज्यादा करेक्शन की उम्मीद नहीं है। चांदी के भाव में फिर तेजी आएगी और भाव एक लाख रुपए के पार हो सकते हैं। चांदी में यह आंशिक मंदी है। बाकी तो आगे बाजार तेज ही रहना है और चांदी फिर से नए रिकॉर्ड बनाएगी। सराफा व्यापारी रामगोपाल जैन ने बताया कि अमेरिका में ट्रम्प सरकार बनने से भाव में भले ही गिरावट आ गई हो, लेकिन आगे गिरावट की ज्यादा उम्मीद नहीं है। चांदी की चमक आगे भी जारी रहेगी और चांदी के भाव जल्द एक लाख रुपए के पार जाएंगे।



### इधर सोने के भाव में भी लगातार गिरावट...

चांदी के साथ ही सोने के भाव में भी लगातार गिरावट का रुख है। दीपावली पर सोने के भाव 81,150 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गए थे। जेवराती सोना 74,333 रुपए प्रति दस ग्राम बिका था। अब इसमें भी गिरावट शुरू हो गई है। सोने के भाव अब 77,400 रुपए प्रति दस ग्राम हैं। वहीं जेवराती सोने के भाव 70,900 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गए हैं।

## पीएम श्री स्कूलों में टिंकरिंग लेब टेंडर प्रक्रिया पर उठे सवाल, छोटे व्यवसायियों के हितों की अनदेखी

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे पीएम श्री स्कूलों में अटल टिंकरिंग लेब स्थापित करने के लिए नई टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का संदेह उठ रहा है। जानकारी के मुताबिक, लगभग 250 से अधिक विद्यालयों में प्रति विद्यालय 10 लाख रुपये की सामग्री हेतु टेंडर प्रक्रिया जीईएम पोर्टल के माध्यम से होनी है।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस पर छोटे और स्थानीय व्यापारियों ने आपत्ति जताई है। गाइडलाइंस में ऐसी शर्तें डाली गई हैं, जो प्रदेश के छोटे और स्थानीय विक्रेताओं के अवसरों को सीमित करती प्रतीत होती हैं। जैसे कि वार्षिक 20 करोड़ रुपये का कारोबार, टेंडर मे मांगे गए लाइसेंस की केटेगरी इत्यादि के साथ और पिछले तीन वर्षों में इसी मात्रा में व्यापार का अनुभव होना अनिवार्य है। व्यापारियों का कहना है कि ऐसी शर्तें केवल कुछ चुनिंदा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। यह प्रदेश के छोटे व्यापारियों के लिए अनुचित है। इस प्रकार की टेंडर प्रक्रिया प्रदेश के छोटे व्यापारियों को हतोत्साहित करती है और किसी विशेष व्यक्ति या कंपनी को लाभ पहुंचाने का इशारा देती है। नीति आयोग द्वारा की गयी टिंकरिंग लेब योजना मे कभी ऐसी शर्तो के साथ बाध्यता नहीं की गयी है। इसलिए यह मामला पूर्णत: जांच के घेरे मे है। छोटे व्यापारियों और स्थानीय संस्थानों ने मांग की है कि इस टेंडर प्रक्रिया की पुन: समीक्षा की जाए और गाइडलाइंस में संशोधन कर सभी व्यापारियों को समान अवसर प्रदान किया जाए।





# सायबर फ्राड के ठिकाने पर पुलिस का छापा, डेढ़ दर्जन से ज्यादा गिरफ्तार

## जामतारा की तर्ज पर शेयर ट्रेडिंग के लिए डायमंड रिसर्च कंपनी बनाकर कर रहे थे ठगी

**शामगढ़, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर की दाल मिल कॉलोनी में गुरुवार को शटर लगे हुए एक मकान पर पुलिस ने दबिश दी। बताया गया है कि यह सायबर फ्राड का अवैध ठिकाना था, जहां से पुलिस ने यहां नौकरी करने वाले 21 लोगों को हिरासत में लिया है, इसमें युवतियां भी शामिल है। यहां जामतारा की तर्ज पर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर डायमंड रिसर्च कंपनी बनाकर लोगों से ठगी की जा रही थी। पूरे मामलें की जांच स्टेट सायबर टीम उज्जैन कर रही है।

इस मामलें की जानकारी देते हुए एडीजी योगेश देशमुख ने बताया कि राज्य सायबर पुलिस जौनल उज्जैन को सूचना प्राप्त हुई कि मंदसौर जिले के शामगढ़ में पंजाबी कॉलोनी में एक फर्जी कॉल सेंटर संचालित हो रहा है, जिसमें 20-25 कर्मचारी कार्यरत होकर लोगों को फेक कॉल के माध्यम से ठग रहे है। शिकायत के बाद उप पुलिस महानिरीक्षक मो. यूसुफ कुरैशी ने तत्काल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सायबर) योगेश देशमुख को सूचित किया। जिसके बाद उप पुलिस अधीक्षक लीना मारोठ के नेतृत्व में गुरुवार को एक पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। सायबर पुलिस दल शामगढ़ पहुंचा और स्थानीय पुलिस के साथ छापा मारा। इस दौरान टीम को पंजाबी कॉलोनी में एक फर्जी काल सेंटर संचालित होते मिला। मौके पर 4 लड़के और 17 लड़कियां शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट के नाम पर फर्जी डायमंड रिसर्च कंपनी बनाकर अल्गों ट्रेडिंग एप के माध्यम से निवेश के नाम पर लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे थे।

टीम को मौके से लोगों को ठगने के लिए कॉलिंग में उपयोग हो रहे 30 फर्जी सिम, 20 एंड्रॉयड मोबाइल, 20 की पैड फोन भी मिले। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी लोगों को कॉल पर मिनिमम 10 हजार के निवेश पर प्रतिदिन 5 से 7 प्रतिशत का मुनाफा होने का झांसा देते थे। टीम ने सभी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। कॉल सेंटर में लड़के-लड़कियां लोगों से कंपनी में निवेश के नाम पर ठगी की रकम फर्जी बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करवाते थे। राज्य साइबर पुलिस ने इस कार्रवाई के लिए तकनीकी तथ्यों के आधार पर शामगढ़ और मंदसौर में कई दिनों तक रैकी कर साक्ष्य जुटाए। जिसमें पता चला कि आरोपियों ने अपनी कंपनी का नाम डायमंड रिसर्च कंपनी रखा था। एडीजी योगेश देशमुख ने बताया कि सायबर टीम ने बताया कि मंदसौर जिले के शामगढ़ से हो रही सायबर ठगी की सूचना के बाद से ही पुलिस इस मामलें में पुख्ता जानकारी जूटाने में लगी हुई थी, कई दिनों से रेकी भी की गई। पूरी जानकारी आने के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाही की। पुलिस अब इस मामलें में और जानकारी जूटा रहीं है आरोपियों द्वारा अब तक कितने लोगों को ठगा है और उनकी गाढी कमाई का पैसा कहाँ-कहाँ और किन-किन खातों में रखा है। इसका तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा है। इस मामलें में जप्त किए गऐ मोबाइल व सीम कार्ड के उपयोग की जानकारी के लिए फारेंसिक विशेषज्ञों की भी मदद ली जाएगी।

### मारपीट, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। खण्डेरिया मारु निवासी बालू गुर्जर ने नाहरगढ थाने पर शिकयत दर्ज कराई कि घर पर था, इसी दौरान मोहन गुर्जर आया और बोला कि तू मेरी लड़की के साथ गाली-गलौज कर रहा था, बोलते हुए मारपीट की। इस दौरान राधेश्याम गुर्जर भी आ गया। दोनो ने मेरे साथ गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।




## न्यायालय बिक्री अधिकारी/वसूली अधिकारी एवं अतिरिक्त तहसीलदार सहकारी संस्थाए, मंदसौर

### अचल सम्पत्ति की कुर्की एवं नीलामी की सूचना

स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर — जयपत्रधारी विरुद्ध

चूंकि

1. श्रीमान अरबाज खान पिता राशीद एहमद पठान निवासी-C/o रानु इलेक्ट्रीक मकान न. 318, वार्ड नं. 02. अरोरा कालोनी नाहर सय्यद रोड, मंदसौर — मूल ऋणी क्र. 1
2. श्रीमान राशीद एहमद पठान पिता सर्फराज एहमद पठान निवासी-C/o रानु इलेक्ट्रीक, मकान न 318 वार्ड न. 02. अरोरा कालोनी, नाहर सय्यद रोड, मंदसौर — मूल ऋणी क्र. 2
3. श्री पियुष पिता महेश भावसार निवासी मकान नं. 69 वार्ड न.30 खानपुरा खरंजा, मंदसौर — जमानतदार क्र. 1
4. श्री अकरम अंसारी पिता मोहम्मद हुसैन अंसारी निवासी मकान नं. 837 वार्ड न. 11, अंसारी मोहल्ला, खिलचीपुरा, मंदसौर — जमानतदार क्र. 2

निर्णित ऋणी के विरुद्ध न्यायालय संयुक्त रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटी, उज्जैन संभाग उज्जैन द्वारा विवाद मामला क्रं.-JR/UJN/84[A]/2022-23/0489 में स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर डिक्रीधारी के पक्ष में डिक्री दी जा चुकी है, तथा निर्णित ऋणी ने स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मंदसौर डिक्रीधारी को राशि रु 1359871/- व ब्याज व मुकदमा खर्च का भुगतान नहीं किया है।

अतएव इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित अचल सम्पत्ति उपर्युक्त डिक्री के भुगतान के लिये कुर्क कर ली गई है और यह कि निर्णित ऋणी को, इसके द्वारा उक्त सम्पति को बिक्री, उपहार या दान द्वारा या अन्य प्रकार से हस्तान्तरित करने या बदलने से रोक दिया गया है। इसकी सुचना निर्णित ऋणी तथा जमानतदारों को व्यक्तिश: तथा रजिस्टर्ड पत्र भेजी गई थी। जिसकी वेब ए. डी. प्राप्त है। अतएव कुर्क की गई निम्नानुसार अचल सम्पत्ति की निलामी दिनांक 5-12-2024 को की जावेगी।

**निलामी दिनांक-5 दिसम्बर 2024, मंगलवार समय प्रात: 11.00 बजे**

| क्रं. | नाम ऋणी | सम्पत्ति के ब्यौरा | चतुर्सीमा | प्रकरण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती समिम बी पति शराफत अहमदजी | दुकान और आवास स्थित भूखंड क्रं.24, अरोरा कालोनी मंदसौर, कुल क्षेत्राफल 800 वर्गफीट | पूर्व में-भूखण्ड क्रं. 25<br>पश्चिम में-भूखंड क्रं.23<br>उत्तर में-रास्ता<br>दक्षिण में-गली | MDS(85)- 04 - 2023/2024 |

बोलीदार को बोली लगाने के पूर्व रू. 10,000/- (रू. दस हजार मात्र) विक्रय अधिकारी के पास जमा कराना आवश्यक होगा। खरीददार को नीलामी में विक्रय की जाने वाली अचल सम्पत्ति के मूल्य के 25 प्रतिशत धन उसी समय विक्रय अधिकारी को चुकाया जावेगा। खरीददार द्वारा शेष क्रय धन तथा विक्रय प्रमाण पत्र हेतु अपेक्षित धन का भुगतान विक्रय दिनांक से 15 दिन के भीतर किया जावेगा।

नीलामी मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 66 के अनुसार सम्पन्न की जावेगी। नीलामी की शेष अन्य शर्ते बैंक, 13.14 स्टेशन रोड, प्रधान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**बिक्री अधिकारी**
**स्मृति नागरिक सह. बैंक मर्यादित, मंदसौर (म.प्र.)**



# स्वाधीनता संघर्ष और जनजातीय चेतना के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'अबुआ दिशोम-अबुआ राज'... अपना देश और अपनी माटी के महत्व का उद्घोष करने वाले और उलगुलान क्रांति से स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज की चेतना जगाने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज हम सब उनको सादर नमन करते है। भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया और जनजातीय गौरव का प्रतीक बन गये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके अभूतपूर्व योगदान को स्मरण करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर पर प्रति वर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' के आयोजन की परंपरा आरंभ की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल, जंगल, जमीन के रक्षक बिरसा मुंडा ने वर्ष 1893-94 में अंग्रेजों द्वारा वन अधिनियम बनाकर जंगलों पर कब्जा करने का विरोध किया, शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और स्वतंत्रता के लिये उलगुलान क्रांति शुरू की। उन्होंने जनजातियों के स्वाभिमान को जगाया और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यह हमारी धरती है और हम ही इसके रक्षक हैं।अपनी धरती और माटी की रक्षा के लिये जनजातियों ने बिरसा मुंडा केनेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। यह क्रांति इतनी प्रभावी थी कि आखिरकार अंग्रेजों ने छोटा नागपुर टेनेंसी कानून पारित किया और जनजातियों को उनका अधिकार प्राप्त हुआ।

**गौरवमयी अतीत का प्रकटीकरण**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज का गौरवमयी अतीत समाज के सामने लाना और उनकी संस्कृति तथा परंपराओं का संरक्षण है। राष्ट्र रक्षा के लिये उनके द्वारा किये गये बलिदान का प्रकटीकरण हो और इससे समाज अवगत हो, वे अपनी संस्कृति और परंपराओं का महत्व समझें तथा उनमें स्वत्व का बोध हो। समाज, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज शहडोल और धार जिले में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़कर हमारा मार्गदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन की शुरुआत के साथ जनजातियों के गौरव की पुनर्स्थापना की नींव रखी है। उनका लक्ष्य है अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास करना तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना। जनजातीय समाज के कल्याण के लिये संकल्पित प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प की सिद्धि के लिये मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है।



**जनजातीय वर्ग का समग्र विकास ध्येय**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना और उनका शैक्षणिक, आर्थिक, स्वस्थ और सामाजिक विकास करना है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इस योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की विशेष उपलब्धि रही है। पीएम जन-मन योजना में प्रदेश के 24 जिलों के 118 गांवों में निवासरत बैगा, भारिया एवं सहरिया विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के 11 लाख 35 हजार से अधिक भाई-बहनों को सहायता, रोज़गार और कौशल प्रशिक्षण देकर इन्हें विकास की नई राह से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसमें 7 हजार 300 करोड़ रुपये की लागत से नये स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास, बहुउद्देशीय केंद्र, सड़क, पुल और आवास सहित अन्य निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उदाहरण देते हुए कहा कि पीएम जन-मन योजना में सिवनी जिले का झिंजरई गांव एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित हो चुका है। इस गांव में राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हुआ। यही नहीं, छिंदवाड़ा और डिंडौरी जिले में 7 और कटनी में 6 विशेष पिछड़े जनजातीय बहुल गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। शौर्य और पराक्रम जनजातियों का मौलिक स्वभाव है। उनकी इस विशेषता को देखते हुए प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के लिये शौर्य संकल्प योजना के अंतर्गत पीवीटीजी बटालियन गठित की जायेगी। जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य निर्माण के लिये उन्हें प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, विदेश अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना और परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

**बजट वृद्धि**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग के समग्र विकास और कल्याण के लिये हमने इस वित्त वर्ष में 40 हजार 804 करोड रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले बजट की तुलना में 23.4 प्रतिशत अधिक है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 3 हजार रुपये प्रति मानक बोरा से बढाकर 4 हजार रुपये किया गया। इससे 35 लाख संग्राहक लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में जनजातीय विकास की अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिये विशेष तकनीकी समूह तैयार करने का निर्णय लिया गया। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में अधिकतम 3900 रुपये प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता राशि स्वीकृत की गई। प्रदेश में जनजातियों को जल, जंगल, जमीन और श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी तथा इनके संरक्षण और सांस्कृतिक परंपराओं की सुरक्षा के लिये पेसा अधिनियम लागू किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के समग्र विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में विशेष पहल करते हुए 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आरंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे का सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति करना है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के 267 विकासखंडों में स्थित 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांव का सर्वांगीण विकास करना है। यही नहीं, इस योजना में केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 100 जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार तैयार करने की योजना है। प्रदेश के 19 जिलों में जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसमें जनजातियों की पुरातन कला, संस्कृति के प्रतीक, शिल्पकारी, चित्रकारी, खिलौने, मिट्टी व बांस से तैयार उत्पाद आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। इससे पारंपरिक कला संस्कृति समृद्ध होने के साथ जनजातीय वर्ग का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण होगा।

**मध्यप्रदेश, मोदी जी के संकल्प को करेगा साकार**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे इस बात से संतोष है कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के स्वाभिमान और उत्थान के लिये जो स्वप्न देखा था, वह आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आकार ले रहा है। जनजातीय कल्याण के लिये प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूर्णत: साकार करेगा। उनकी नीतियों को मध्यप्रदेश ने धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन हमें यह स्मरण दिलाता है कि जनजातीय समाज ने राष्ट्र और संस्कृति के लिए हर क्षेत्र और प्रत्येक कालखंड में बलिदान दिया है। भारत की अस्मिता और संस्कृति की रक्षा में बलिदान हुए जनजातीय भाई-बंधुओं की लंबी श्रृंखला है। जनजातीय समाज ने भारत पर होने वाले प्रत्येक आक्रमण का सामना किया है, जिसे यूनानी हमलावर सिकंदर के आक्रमण से लेकर अंग्रेजी काल तक देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज यदि भारत एक बार फिर अपने गौरव की ओर लौट रहा है तो उसमें महत्वपूर्ण भूमिका जनजातीय समाज के बलिदानियों की भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि आइए बलिदानों के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर हम जनजातीय समाज के कल्याण, विकास और प्रगति का संकल्प लें। जल, जंगल, जमीन, स्वत्व और स्वाभिमान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान योद्धा भगवान बिरसा मुंडा को कोटिश: नमन और प्रदेशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...।

## पं. नेहरू की जयंती शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई



**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय पण्डित जवाहरलाल नेहरूजी की जयंती शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में नेहरू बस स्टैंड स्थित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत ही नहीं विश्व के महान नेताओं में से एक नेता थे। पंडित नेहरू के साधन संपन्न होने के बावजूद महात्मा गांधी के सानिध्य में आने के बाद सुख सुविधा छोड कर एक आम आदमी की तरह आजादी की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आजादी की लड़ाई लडी। पंडित नेहरू कई वर्षों तक जेल में रहे। 1930 में पंडित नेहरू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे तब कई नेताओं के विरोध के बावजूद भारत को पूर्ण स्वराज की घोषणा का प्रस्ताव पारित करवाया। और उसी की परिणीति 1942 में भारत छोडो आंदोलन के रूप में चल कर 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। आजादी के बाद भारत जब गरीबी में जी रहा था व अभाव ग्रस्त था तब भारत के नवनिर्माण में उनका प्रमुख योगदान रहा। आज देश मजबूत स्थिति में है उसमें पूर्ण योगदान पंडित नेहरू का रहा। देश में कई एम्स, आईआईटी खोले व बड़े-बड़े बांध बना कर, रेलवे लाइन का जाल बिछा कर देश को मजबूत बनाया।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, प्रदेश कांग्रेस सचिव सोमिल नाहटा, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, मनजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढा, लक्ष्मण मेघनानी, राजेश फरक्या, मुस्तफा कपाडिया, वहीद जैदी, विजय सिंह सिसोदिया, साबिर इलेक्ट्रीशियन, सकलेन करार, राजनारायण लाड़ कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह रांका, अजा विभाग के जिला अध्यक्ष संदीप सलोद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष साबिर शाह, मंडलम अध्यक्ष दशरथ राठौर, घनश्याम चौहान, दिनेश नाई, मोहम्मद गजनफर खान, भेरूलाल कुमावत, दुर्गेश चंदेल, घनश्याम सिंह चांदाखेडी, रामगोपाल भांबी आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया व आभार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख ने माना।

## दम्पत्ति से मारपीट के बाद लूट ले गए नकदी व जेवर

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** चोरी करने आए नकाबपोश बदमाशों ने दम्पत्ति से मारपीट की, नकदी व जेवर लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया। फतेहगढ़ निवासी रंगलाल पिता उंकार माली ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि में 2 बजे करीब चार व्यक्ति मकान में घुस गए। जिनके मूह पर कपड़ा बंधा था व हाथ में लकडी व पाइप थे। चारों बदमाशों ने अलमारी खोलकर मेरी पत्नी का मंगल सूत्र, कान टाप्स, एक जोड चांदी की पायजेब, कंदौरा व नकदी 5 हजार रुपए व मेरा व मेरी पत्नी का मोबाइल लूट लिया। हमने विरोध किया तो हम दोनों के साथ मारपीट की व लकडी से मारी, जिससे पैर, उंगली पर चोंटे आई। चोरी के बाद चोर बाहर से दरवाजा लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## विचार क्रांति प्रोत्साहन परिषद द्वारा स्वयंसेवक हिमांशु पांडेय को मिला मानव सेवा रत्न सम्मान

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर के पर्यावरण सेवक हिमांशु पांडेय को पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतरीन कार्यों के लिए विचारक्रांति प्रोत्साहन परिषद् द्वारा भारत मानव सेवा रत्न सम्मान - 2024 से सम्मानित किया गया।



यह सम्मान परिषद् के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल विचारक्रांति, सिंगरौली, मध्यप्रदेश के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश भर में 13 क्षेत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें मंदसौर, मध्यप्रदेश के हिमांशु पांडेय का चयन पर्यावरण श्रेणी से हुआ है। हिमांशु पांडेय का इस सम्मान के लिए चयन होने पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ.डी.सी. गुप्ता, जिला संगठक, रासेयो डॉ.के.आर. सूर्यवंशी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनिल कुमार आर्य ने पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और शुभकामनाओं के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भगवद् गीता व श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के पाठों के आरंभ के साथ वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री प्रेमप्रकाश आश्रम के 15 वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में आज दादी पुष्पा पमनानी ने अपने मुखारविंद से कार्तिक महोत्सव के अन्तर्गत आज 14वें दिवस की कथा के महात्म का संगत को श्रवण के साथ वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष पर पंच दिवसीय कार्यक्रम 14 से 18 नवंबर के अन्तर्गत श्रीमद्-भागवत गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के पाठों की स्थापना कर कार्यक्रमों का आरंभ किया गया।



इस आशय की जानकारी श्री प्रेम प्रकाश सेवा मंडली के पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बताया कि सिन्धी हिन्दू सनातन धर्म की प्रमुख धर्मपिण्ठ श्री प्रेम प्रकाश पंथ के पंचम पीठाधीश्वर संत मंडल के साथ रविवार 17 नवंबर को सुबह 9 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन धार्मिक नगरी में मंगल प्रवेश करेंगे। प्रात: 9.30 बजे आश्रम में मालवा अंचल के विद्वान पंडित श्री उमेश जोशी के आचार्यत्व में आयोजित हवन यज्ञ की पूर्णाहुति कर प्रेम प्रकाश ध्वज की पूजा अर्चना के साथ सनातन धर्म की ध्वजा को फहरायेंगे। तत्पश्चात सत्संग प्रवचनों की अमृतमयी बरखा के साथ पल्लव पाकर भण्डारा प्रसादी होगा। श्री शिवानी ने बताया कि 17 व 18 नवंबर को सुबह और शाम सत्संग प्रवचनों के साथ भण्डारा प्रसादी भी होगी सिंधी समाज एवं सनातन धर्मप्रेमी सपरिवार पधार कर धर्म लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## कालिदास समारोह में डा. वीणा सिंह द्वारा शोध पत्र की प्रस्तुति

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 66 वे अखिल भारतीय कालिदास समारोह में राष्ट्रीय संगोष्ठी में पी एम एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ वीणा सिंह ने शोध पत्र वाचन किया। डॉ सिंह के शोध पत्र का विषय पंचमहाभूत इन महाकवि कालिदास, रिविजिटिंग मेघदूत एंड अभिज्ञान शकुंतलम विथ अ ग्रीन आई था।



अपने शोध पत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ सिंह ने हमें बताया कि कालिदास द्वारा रचित मेघदूत और अभिज्ञान शाकुंतलम में पांच तत्वों का समावेश किस प्रकार से किया गया है। धरती, अग्नि, जलवायु और आकाश तत्व किस प्रकार से मानवीय चरित्रों के साथ में जोड़कर प्रस्तुत किए गए हैं एवं बताया गया है कि जीवन पांच तत्वों के बिना अपूर्ण है एवं मनुष्य को पांच तत्वों के साथ एकाकार होकर ही जीवन जीना चाहिए। कालिदास साहित्य के विभिन्न चरित्र इन्हीं पांच तत्वों एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन का एक सुंदर स्वरूप हमारे समक्ष प्रस्तुत करते हैं और इस बात की ओर संकेत करते हैं कि पांच आधारभूत तत्वों के बिना मानव जीवन अपने पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकता है।

टैगोर एवं शेक्सपियर के साहित्य पर भी कालिदास साहित्य के प्रभाव पर शोध पत्र में विस्तार से चर्चा की गई है। शोध पत्र में यह भी बताया गया है कि इंटरनेट पर शेक्सपियर एवं कालिदास तथा शेक्सपियर एवं टैगोर के बीच में तुलना करते हुए बहुत सारे शोध पत्र हैं परंतु वास्तविकता यह है कि कवि कुलगुरू कालिदास, जिन्हें संस्कृत साहित्य का राजकुमार भी कहा जाता है, उनका प्रभाव शेक्सपियर के वाक्य विन्यास, प्रकृति वर्णन एवं अलौकिक शक्तियों के वर्णन में स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है खास तौर से द टेंपेस्ट एवं द विंटर्स टेल में। इसी प्रकार से रविंद्र नाथ टैगोर के नोबेल पुरस्कार से पुरस्कृत महाकाव्य गीतांजलि पर भी विषय वस्तु के चयन को लेकर प्रकृति, प्रेम, मृत्यु, समर्पण आदि के वर्णन में कालिदास साहित्य का प्रभाव देखने को मिलता हैं। इस प्रकार से महाकवि कालिदास का साहित्य अजर, अमर एवं कालजयी है। डॉ सिंह की उपलब्धि पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महोदय श्री नरेश जी चंदवानी, प्राचार्य डॉ डी सी गुप्ता एवं विभागीय साथियों ने शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

## जिले में विद्युत ट्रांसफर से तेल चोरी करने वाले गिरोह से अन्नदाता किसान परेशान-गुर्जर

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** किसान नेता महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में किसान रबी फसलों की बुआई करने में लगा हुआ है। दूसरी ओर जिले भर में लगातार विधुत ट्रांसफर से तेल चोरी करने की घटनाएं निरन्तर बढ रही है। विगत रात्रि में ग्राम गुर्जरबर्डिया में जोड़ा बावजी वाले ट्रांसफर से तेल चोरी करने की घटना होने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। श्री गुर्जर ने जिला पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि जिले में बढ़ते ट्रांसफर से तेल चोरी करने वाले गिरोह को चिन्हित कर तत्काल उचित कार्यवाही कर किसानों को राहत प्रदान करने की कृपा करें।



## पं. नेहरू उद्यान के अविलंब कायाकल्प के लिए शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डा. तोमर ने नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पयामी के साथ नपा सीएमओ को पत्र सौंपा...

# अविलंब कायाकल्प करने की मांग, कार्य शुरू नहीं होने पर होगा आंदोलन

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के मध्य नेहरू बस स्टैंड पर स्थित नेहरू उद्यान का कायाकल्प अविलंब किए जाने हेतु शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर एवं नगर पालिका परिषद नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी ने नपा सीएमओ श्री सुधीरसिंह से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा। पत्र में लिखा गया कि गत दो वर्षों से शहर ब्लॉक कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नेहरू उद्यान के कायाकल्प की मांग की जाती रही और गत वर्ष नपा द्वारा आश्वस्त किया गया था कि नेहरू उद्यान के कायाकल्प की कार्य योजना एवं प्रारूप तैयार हो चुका तीन माह में कार्य पूर्ण हो जाएगा लेकिन एक साल होने के बाबजूद कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया।



मामले की जानकारी देते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पयामी ने बताया कि नपा सीएमओ को पत्र सौंपकर अविलंब नेहरू उद्यान के कायाकल्प के कार्य को शुरू करने की मांग की गई है एवं पत्र की प्रति मन्दसौर विधायक श्री विपिन जी जैन, नपा अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी जी गुर्जर एवं कलेक्टर मंदसौर श्रीमती अदिति जी गर्ग को भेजकर उनसे भी कायाकल्प कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पयामी ने बताया कि अगर 7 दिवस में पंडित नेहरू उद्यान के कायाकल्प का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर एवं कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नपा के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।




## विश्व मधुमेह दिवस पर जागरूकता रैली आयोजित

**नीमच, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेंद्र पाटील एवं नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए पुन: जिला चिकित्सालय में समाप्त हुई, जहां पर डॉ.मनीष यादव ने आशा कार्यकर्ताओं को मधुमेह नियंत्रण संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर आशाओं द्वारा मधुमेह नियंत्रण के संबंध में नारे लगाते हुए जन जागरूकता के संदेश दिए गये। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि श्री राकेश जलवानिया, श्री मनीष व्यास, श्री देवीलाल वर्मा भी उपस्थित थे।

## नगरसेवा को जन सुविधा हेतु नए क्षेत्रों से चलाने हेतु कलेक्टर अदिति गर्ग से विजय गुर्जर ने करी मांग...

# मेडिकल कालेज, कलेक्टर कार्यालय, जग्गाखेड़ी इंडस्ट्री एरिया से जुड़े अनेक क्षेत्र सुविधा से है वंचित

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर का विकास तेजी से हो रहा है और इस विकास के साथ-साथ अनेक नए क्षेत्र विकसित होकर आबादी बस गई है जिसमें नागरिक लोग बड़ी संख्या में निवास करने लगे हैं लेकिन इन लोगों को मूलभूत सुविधा से अनदेखी के चलते वंचित होना पड रहा है नगर सेवा कई वर्षों से पुराने तय मार्गो, पर्रमिट पुराने क्षेत्र, और पुरानी आबादी के हिसाब से ही चल रहे हैं जिसके कारण नए क्षेत्र के निवासी जैसे कि मेडिकल कॉलेज, नए कलेक्टर कार्यालय, जग्गा खेडी स्थित इंडस्ट्री एरिया, नंदा नगर, आनंद विहार, हर्ष विलास से लगे शांतनु विहार कर्मचारी कॉलोनी, अभिनंदन विस्तार, अग्रसेन नगर से लगे हुए



अन्य कई क्षेत्र के नागरिक नगर सेवा की सुविधा नहीं मिलने के कारण परेशान हो रहे हैं इन क्षेत्रों के नागरिकों की समस्या के समाधान हेतु नगर सेवा की सुविधा प्रदान करने के लिए पूर्व पार्षद, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य विजय गुर्जर ने कलेक्टर अदिति गर्ग को पत्र लिखकर मांग करी है। आगे विजय गुर्जर ने कलेक्टर अदिति गर्ग को बताया है कि एक नया रूट मेडिकल कॉलेज, नई पुलिस कॉलोनी, कलेक्टर भवन, मेघदूत नगर, होते हुए नगर सेवा का संचालन होना चाहिए। दूसरा जग्गा खेडी स्थित इंडस्ट्रियल एरिया सम्यक डायमंड, आनंद विहार, नंदा नगर संजीत ओवर ब्रिज होते हुए नगर सेवा का संचालन शुरू होना चाहिए।

तीसरा अभिनंदन क्षेत्र में हर्ष विलास, अभिनंदन विस्तार, अग्रसेन नगर, शांतनु विहार, कर्मचारी कालोनी वाले क्षेत्र से स्टेशन बीपीएल चौराहा होते हुए नगर सेवा का संचालन होना चाहिए जिससे इस क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा प्राप्त हो सके क्योंकि नगर सेवा का परिचालन क्षेत्र में नहीं होने से नागरिकों को कई गुना अधिक पैसे देकर इस क्षेत्र से आवागमन करना पड़ता है। अंत में पूर्व पार्षद विजय गुर्जर ने कलेक्टर अदिति गर्ग से मांग करी है कि बढ़ती आबादी और विकसित होते मंदसौर शहर के नए क्षेत्रों को देखते हुए इन नए क्षेत्रों में नए परमिट जारी कर नगर सेवा टेंपो का संचालन शुरू करें जिससे आम नागरिकों हो रही परेशानियों से राहत मिल सके और आवागमन में सुविधा प्रदान हो सके।

## छात्रों ने उद्यानिकी फसलों के महत्व को सीखा

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला के निर्देशन में एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आई.एस. तोमर के मार्गदर्शन में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के नवागत बीएससी (उद्यानिकी) प्रथम वर्ष के छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्रों को गांव फ्तेहगढ में उन्नतशील कृषक भगवान सिंह शक्तावत के संतरों के बगीचों का भ्रमण कर उद्यानिकी फसलों के महत्व को समझाया गया साथ ही एग्रो इंडस्ट्रीज के एक्सपोजर हेतु सिपानी कृषि फार्म की बीज संसाधन यूनिट, पुखराज हर्बल मन्दसौर में आंवला एवं अन्य पौधों द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण एवं महत्व एवं नीलम मसाला इंडस्ट्रीज का भ्रमण कराया गया जिसमें छात्रों को यह सिखाया गया किस प्रकार उत्पादों को तैयार कर विपणन हेतु भेजकर अत्यधिक लाभ कमाया जा सकता है साथ ही पुरातत्व स्थल के महत्व को समझाने हेतु धर्मराजेश्वर चंदवासा का भ्रमण कराया गया।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आज होगा शुभारंभ

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जनजातीय कार्य विभाग जिला संयोजक ने बताया कि बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर 2024 के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ होगा। इस धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के 4 ग्रामों का चयन किया गया है, जिसमें विकासखण्ड मंदसौर के ग्राम बालोदिया, सीतामऊविकासखण्ड के ग्राम दम्माखेडी ग्राम पंचायत लदूना, भानपुरा विकासखण्ड के ग्राम धावदबुजूर्ग व ग्राम भरत्याखेडी ग्राम पंचायत खजुरना शामिल है। इन ग्रामों की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच या अध्यक्षता करने वाले अन्य निर्वाचित व्यक्ति द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन, स्वच्छता और नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ शपथ लेना, ग्राम पंचायत सरपंच एवं सदस्य द्वारा विशेष आमंत्रितों का सम्मान, ग्राम सभा की बैठक में ग्रामवासियों को हितलाभ प्रदान किया जाएगा।

## पंचायत उप निर्वाचन की संबंधित पंचायत क्षेत्रों की राजस्व सीमाओं के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध की घोषणा के परिप्रेक्ष्य में शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने तथा लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने राजस्व जिला मंदसौर की परिधि (जहां निर्वाचन होना है) में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध आदेश जारी किये है।

निर्वाचन अवधि के दौरान ध्वनि विस्तार के यंत्रों का उपयोग प्रतिबंध रहेगा। निर्वाचन प्रचार के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने के लिए विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यपालिक दंडाधिकारी से लेना होगी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय निर्णित रिट पिटिशन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में पारित आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाना होगा। ध्वनि विस्तारित यंत्रों के उपयोग हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रात: 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक की अवधि के लिए ही अनुमति प्रदान की जावे। अनुमति जारी कर्ता अधिकारी शासन द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों के अधीन स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अनुमति देने या आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने के लिए सक्षम होंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर नियंत्रण/कार्यवाही के संबंध में मप्र शासन, गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।




## चिल्ड्रन्स डे पर हुई रोचक गतिविधियां

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 14 नवम्बर 24, पिपलिया मंडी चिल्ड्रेन्स डे के अवसर पर आज डैफोडिल्स स्मार्ट स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आज विद्यार्थियों को लेने गई स्कूल बसों को बहुत सुंदर सजावट के साथ भेजा गया था बस को देख बच्चे अत्यधिक उत्साहित होकर स्कूल आए। स्कूल में आते ही बच्चों का स्वागत शिक्षकों द्वारा गीत संगीत से किया गया। तत्पश्चात आज सुबह की प्रार्थना सभा मे बाल दिवस पर शिक्षकों द्वारा मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं प्रिंसीपल श्रीमती प्रिया शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

# गलते ग्लेशियर और युद्धीय वातावरण में बढ़ते तापमान पर अंकुश लगा पाएगा कॉप 29 सम्मेलन...?

**मंदसौर/उज्जैन, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जलवायु परिवर्तन से दुनिया को हो रहे नुकसान से बचने के लिए अजरबैजान की राजधानी बाकू में कांफ्रेंस ऑफ पार्टी (कॉप 29) की बैठक सोमवार से शुरू हो चुकी है। लगभग 200 देशो के प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं। भारत को अपना पक्ष रखने के लिए 18, 19 नवंबर का समय मिला है। भारतीय दल का नेतृत्व केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्जन सिंह कर रहे हैं। इस तरह की कॉप की बैठक को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति चुन लिए गए हैं जो जलवायु परिवर्तन सुधार के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। अपने पिछले कार्यकाल में भी कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने वाली योजनाओं को अमेरिका में बंद कर चुके थे। वर्तमान में भी इसे बंद करने की बात सार्वजनिक कह चुके हैं। विश्व के वातावरण में कार्बन उत्सर्जन से सभी प्रकार के जीवों के लिए खतरा बढ़ रहा है इसे रोकने के लिए 1995 में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टी संगठन का गठन किया गया था। कार्बन उत्सर्जन के प्रमुख जिम्मेदार विकसित देश माने जाते है। उनकी प्रगति के लिए किए जाने वाले अनुसंधान और निर्माण के कारण ही वैश्विक वातावरण में कार्बन उत्सर्जन बढ़ता जा रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

कॉप की पेरिस में हुई बैठक में तय किया गया था कि विकसित देश विकासशील देशों को ग्रीन एनर्जी विकसित कर अपने देश का मौसम सुधारने के लिए 100 करोड़ रुपया धनराशि निश्चित करें। वर्तमान कॉप की चल रही बैठक में तय किया गया है कि यह राशि बढ़ाकर सौ खरब रुपए कर दें। इतनी राशि के पीछे कारण बताया जा रहा है कि जितनी तेजी से विश्व में जलवायु परिवर्तन से मानव की तकलीफें बढ़ रही है उसे समय से पहले नहीं सुधारा गया तो दुनिया के प्रत्येक हिस्से में तबाही बच जाएगी। जैसे हाल में पाकिस्तान के खैबर पख्तून इलाके के चित्राल जिले के रहवासी भुगत रहे हैं। यहां ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर गल कर कहर मचा रहे हैं। चित्राल जिले का आधे से अधिक हिस्सा जो रहवासी क्षेत्र था, नदी में तब्दील हो गया है। ग्लेशियर गलते जा रहे हैं, शहर डूबते जा रहे हैं। फलों के बगीचे वाले जमीदार अब यहां कैंप में रहकर मजदूरी कर परिवार पाल रहे हैं।

बढ़ती गर्मी के कारण जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ी है। फ्रांस में 2022 में 12 हजार आग लगने की घटनाएं हुई थी इसमें 9 बड़ी थी। यूरोप के सियरा बोयरा जलाशय में 80 हजार लोगों को पीने का पानी मिला करता था, अब सिर्फ एक प्रतिशत बचा है। गुजरात के तटीय इलाकों में भी समुद्र जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पत्थरों की दिवार बनाकर रोकने की कोशिश जा रही है। जबकि, मोतीदंती गांव पहले ही जलमग्न हो चुका है।

आंध्र प्रदेश में उपवाड़ा क्षेत्र में भी बढ़ते जलस्तर के खतरे से जूझ रहा है। खोताबली गांव भी डूब क्षेत्र में आ रहा है और भविष्य में डूब भी जाएगा। असम, बिहार आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्य सहित 463 जिलों में बाढ़, चक्रवात तथा सूखे का खतरा बढ़ गया है। इसी तरह हिमालय के लद्दाख में भी ग्लेशियर गल चुके हैं, कूमिक गांव ग्लेशियर सूखने के कारण खाली करना पड़ा था। यहां के निवासी गये फीलिंग गांव में इसलिए बसे की यहां से सात आठ किलोमीटर दूर नुंगनाक नदी है। सभी गांव के स्त्री पुरुष बच्चों ने मिलकर नहर बनाकर अपने गांव तक ले आए हैं। पर ऐसी सुविधाएं हर गांव के पास नहीं है। इसी तरह के जलवायु परिवर्तन के कारण कहा जा रहा है कि आने वाले वर्षों में समुद्र किनारे के कई शहर डूब जाने का खतरा है। इसमें भारत के कोलकाता, केरल और मुंबई के नाम भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट अनुसार सन 2100 तक 80 प्रतिशत ग्लेशियर गल कर सिकुड़ जाएंगे। सन 1880 से समुद्री जलस्तर में 8 से 9 इंच की वृद्धि हुई है। दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ने वाली मुसीबत को पहचान रही है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक भी लगातार आंकड़े देकर चेता भी रहे है पर वांछित नतीजे से अभी बहुत दूर है। क्योंकि विकसित हो चुके देश किसी तरह का कोई दबाव काम नहीं करता है। जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रचार में ही कह चुके हैं कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रयास भी बंद करेंगे। बीते 2 सालों से रूस, यूक्रेन और 1 साल से इसराइल हमास युद्ध में उपयोग हो रहे हथियारों ने एक दशक में बढ़ने वाले तापमान तक दुनिया को पहुंचा दिया है। फिर भी कॉप 29 के सभी सदस्य देशों से उम्मीद तो की ही जा सकती है कि मनुष्यों की इस दुनिया को प्राकृतिक सांस लेने लायक बने रहने के प्रयास तो करेंगी ही।

# इंफ्लूएंजा ढाएगा कहर, बढ़ रहे मरीज..?

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के बड़े शहरों में इंफ्लूएंजा के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मंदसौर में इंफ्लूएंजा जांच में तो पकड़ में नही आ रहा, लेकिन इस बीमारी के लक्षण मरीजों में देखे जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में भी इसके मरीज पहुंच रहे हैं। यह लक्षण कोरोना के लक्षण से मिलते जुलते हैं। हालांकि बीमारी इतनी गंभीर नहीं है, लेकिन कहीं न कहीं मौसम और प्रदूषण के कारण होने वाली यह समस्या लोगों को सता रही है। माना जा रहा है कि यह बीमारी भी कहर ढा सकती है। वायरस के इंफेक्टेड मरीजों की संख्या में बीते साल के मुकाबले इस बार वृद्धि महसूस की जा रही है। इसके दो बड़े कारण बदलता मौसम और प्रदूषण को बताया जा रहा है। खास बात यह है कि यह वायरस कोविड की तरह ही है। इसमें शरीर से ऑक्सीजन लेवल कम होने पर मरीज डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं। कुछ लोगों को हॉस्पिटलाइज करने की भी नौबत आ रही है, लेकिन अच्छी बात यह है कि इसमें मरीज की रिकवरी तेजी से हो रही है। चिकित्सको के मुताबिक तापमान में गिरावट और हवा में प्रदूषण के कणों का बढना फेफड़ों को प्रभावित करता है। जिससे श्वसन रोगों के मामले बढ़ते हैं। इंफ्लूएंजा के लक्षण से ग्रसित मरीजो में निमोनिया जैसे संक्रमण भी तेजी से फैलते हैं। इस बार बुजुर्गों और बच्चों में ज्यादा परेशानी बढ़ी है।

अनुभवी चिकित्सकों की माने तो कोविड में हुए वैक्सीनेशन का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। इसलिए ठंड की शुरुआत में ही प्रदेश में निमोनिया और इंफ्लूएंजा के मामलों में खासी बढ़ोतरी हुई है। तेज बुखार, नाक बहना, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द वाले मरीज बढ़े हैं। इंफ्लुएंजा से पीडित व्यक्ति के छींकने या खांसने से हवा में ड्रॉपलेटस फैलते हैं। इसके जरिए दूसरों में यह वायरस फैलता है। संक्रमित वस्तुओं या सतहों को छूने से भी यह संक्रमण हो सकता है।

### बचाव के लिए यह करें ...

✻ इस तरह की बीमारी का रामबाण इलाज है मास्क। इसका उपयोग बाहर निकलते समय जरूर करें, हाथों को बार-बार धोएं। ✻ वहां जाने से बचें जहां ज्यादा प्रदूषण है। ✻ सांस लेने में तकलीफ या सीने में जकड़न महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। ✻ इंफ्लूएंजा और निमोनिया के वैक्सीन उपलब्ध हैं, जो संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। ✻ बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को टीका लेने की सलाह दी जाती है।

### इनका कहना...

सर्दी-गले में खराश, कफ, सिरदर्द जैसी समस्या से ग्रसित मरीज आ रहे हैं। मौसम में ठंड बढने के साथ ही बीमारी का वायरस गति पकड़ता है।

**डॉ योगेंद्र कोठारी, अनुयोग हॉस्पिटल, मंदसौर**

# रंग में भंग डालेगी परीक्षा..!

## रंग पंचमी के दिन दसवीं-बारहवीं की परीक्षा, परेशानी विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की भी, मंदसौर में जमकर खेली जाती है रंग पंचमी

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में धुलेंडी, धनतरेस की बजाय रंग पंचमी पर्व जमकर मनाया जाता है। इस दिन सार्वजनिक गैर के साथ सामाजिक संस्थाएं भी कई आयोजन करती है। विशेषकर बच्चों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह रहता है। लेकिन, इस बार रंग के बीच में परीक्षा भंग डालेगी। इसके साथ ही केंद्र तक पहुंचने में भी दिक्कत हो सकती है। दरअसल एमपी बोर्ड ने 10वीं-12वीं के परीक्षार्थियों का त्योहार फीका करने की तैयारी कर ली है। बोर्ड ने वार्षिक परीक्षा का जो कार्यक्रम जारी किया है, उसमें 13 मार्च को 10वीं के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा है। वहीं 19 मार्च को 10वीं के विज्ञान और 12वीं के शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा है। 13 मार्च को होलिका दहन होना है और 19 मार्च को रंगपंचमी है।

### नहीं देखा कैलेंडर..?

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी और 10वीं की 27 फरवरी से शुरू हो रही है। 10वीं की परीक्षा 19 मार्च को खत्म होनी है और 12वीं की परीक्षा 25 मार्च तक चलेगी। मंडल ने अगस्त महीने में परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया था, लेकिन किसी ने स्थानीय त्यौहारों का ध्यान नहीं रखा। बिना कैलेंडर देखे ही तारीखें तय कर दी। अब जाकर कुछ लोगों का ध्यान इस गलती की ओर गया है तो परीक्षार्थी, उनके अभिभावक और स्कूल सभी परेशान हैं।

### केंद्र तक पहुंचेगे कैसे विद्यार्थी...

मंदसौर के अलावा रंग पंचमी मालवा-निमाड़ अंचल का प्रमुख त्यौहार है। यहां होली का रंग उसी दिन जमता है। इंदौर की प्रसिद्ध गेर रंग पंचमी पर ही निकाली जाती है। भोपाल संभाग के जिलों में भी रंग पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। त्योहार वाले जिलों में रंग पंचमी पर स्थानीय अवकाश होता है। यानी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और दूसरे प्रतिष्ठानों में छुट्टी होती है। सार्वजनिक परिवहन के साधन नहीं चलते। अभिभावकों की चिंता है कि त्यौहार का दिन होने की वजह से बच्चों को परीक्षा केंद्र पहुंचने में दिक्कत होगी। वहीं त्यौहार पर परीक्षा देने का उनका मन भी नहीं करेगा।

### महत्वपूर्ण विषयों के बीच कम अंतराल...

10वीं की परीक्षा में कई महत्वपूर्ण विषयों में गैप कम दिया गया है। इसमें छह मार्च को संस्कृत का पेपर है तो तीन दिन बाद 10 मार्च को गणित विषय का पेपर है। इसके दो दिन बाद 13 मार्च सामाजिक विज्ञान का पेपर है।

# 60 किलो डोडाचूरा जप्त, 1 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने 60 किलो डोडाचूरा सहित तीन आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शक्करखेड़ी फन्टे हनुमान मंदिर के पास बैठे एक व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास प्लास्टिक के तीन कट्टों में भरा 60 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान सूरजनी (सीतामउ) निवासी राजू (38) पिता बहीबुर्रहमान पठान होना बताई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उक्त डोडाचूरा मेरे भानेज सूरजनी निवासी फैजान पिता अशरफ ने दिया था और बोला था कि डोडाचूरा लेकर यहीं रुकना इसे चाचरनी (डग, राजस्थान) निवासी लियाकत पिता उबेदउल्ला खान लेने आएगा। मामले में पुलिस ने डोडाचूरा जब्त कर आरोपी राजू को गिरफ्तार कर लिया, वहीं फैजान व लियाकत को भी आरोपी बनाया है। दोनों आरोपी फरार है।

# राजस्व महा अभियान 3.0 जिले में 15 से

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया किराजस्व महा-अभियान 3.0 जिले मे 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक चलाया जाएगा। जिसमें राजस्व न्यायालयोंमें लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, सीमांकन) का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक़्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैचुरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## तबादला नीति में हो सकता है बड़ा बदलाव...

# मंत्रियों को भी मिल सकते हैं अधिकार

**भोपाल, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में दो वर्ष से तबादलों पर लगे प्रतिबंध को सरकार अभी पूरी तरह से नहीं हटाएगी। मंत्रियों को जिले के भीतर और विभाग में सीमित तबादले करने का अधिकार अवश्य दिया जा सकता है।

दरअसल, अभी जितने भी तबादले हो रहे हैं, उसके लिए प्रस्ताव मुख्यमंत्री समन्वय में भेजने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण प्रस्ताव काफी दिनों तक लंबित रह जाते हैं। इसका असर कामकाज पर पड़ रहा है। उधर, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी तबादले के लिए पहुंची अधिकतर फाइलें वापस लौटा दी हैं। तत्कालीन शिवराज सरकार ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए तबादलों पर प्रतिबंध नहीं हटाया था। चुनाव के बाद मोहन सरकार ने भी इसे जारी रखा। लोकसभा चुनाव के बाद संभावना थी कि कुछ समय के लिए प्रतिबंध हटा दिया जाएगा पर इस बारे में निर्णय लगातार टलता रहा। मंत्रियों ने पिछले दिनों अनौपचारिक चर्चा में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से तबादला नीति जारी करने की बात कही तो उन्होंने दीपावली के बाद देखने का आश्वासन दिया था। सूत्रों का कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला नीति का प्रारूप तैयार करके रखा है। मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा। चूंकि, अब परीक्षाओं का समय आ गया है, इसलिए बड़ी संख्या में तबादले करने के पक्ष में कोई नहीं है। उसके बाद भी विभागों में प्रशासनिक व्यवस्था बनाने के लिए मंत्रियों को तबादले करने के कुछ अधिकार दिए जा सकते हैं।

**विधानसभा सत्र के पहले दिए जा सकते हैं अधिकार**–लोक निर्माण विभाग के कुछ कार्यपालन यंत्री अगले माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं, तो कुछ को एक स्थान पर पदस्थ रहते लंबा समय हो गया है। सांसद और विधायकों ने भी कुछ अधिकारियों के स्थानांतरण के प्रस्ताव मुख्यमंत्री कार्यालय को दिए हैं। इन सभी स्थितियों को देखते हुए मंत्रियों को सीमित संख्या में तबादले करने के अधिकार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिए जा सकते हैं।



# विद्यार्थियों ने विंड वर्ल्ड इंडिया मंदसौर प्राइवेट लिमिटेड का किया विजिट

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर के इलेक्ट्रिकल ब्रांच के विद्यार्थियों ने विंड वर्ल्ड इंडिया मन्दसौर प्राइवेट लिमिटेड का विजिट किया। संस्था प्राचार्य डॉ.डी.के.शर्मा ने बताया कि पोलीटेक्निक कॉलेज के इलेक्ट्रिकल ब्रांच के विद्यार्थियों के प्रभारी विभागाध्यक्ष श्री विकास सोलंकी और श्री विशाल यादव, अतिथि व्या. ईटीइ के मार्गदर्शन में पवन चक्की के द्वारा किस प्रकार से बिजली बनाई जाती है, इसका अध्ययन किया। कंपनी के डिप्टी मैनेजर श्री तिलक राठौर एवं रेन्यु पॉवर के श्री पुष्पेंद्र सिंह द्वारा बिजली उत्पन्न करने की संपूर्ण कार्य विधि समझाई गई। यहां पर 45 विंड मिल कार्य कर रही हैं, जिससे 36 एमडब्ल्यू बिजली बनाई जा रही है, जो दलौदा ग्रिड और मल्हारगढ़ ग्रिड तक भेजी जा रही है, इस प्रकार छात्रों ने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट किया।

# महाविद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

**मनासा, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय मनासा में जिला स्तरीय तीन प्रतियोगिताएं वाद - विवाद, भाषण और प्रश्न मंच का आयोजन 14 नवंबर 2024 को हुआ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.एल धाकड़ ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के बारे में बताया. कार्यक्रम का संचालन प्रो. मुकेश मालवीय एवं प्रो. आशा पटेल ने किया। डॉ अनिल जैन ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं के महत्व को बताया. युवा उत्सव के प्रभारी प्रो. सुदेश कलम ने प्रतियोगिता के नियमों के बारे में विद्यार्थियों को बताया . महाविद्यालय में आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महाविद्यालय के ही विद्यार्थी पायल शर्मा, पदमा पाराशर, कृष्ण गोपाल पाराशर ने प्राप्त किया. भाषण प्रतियोगिता विषय साइबर क्राइम मे प्रथम स्थान स्नेहा सिंह ने प्राप्त किया. वाद - विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान वेदिका जाट ने एवं विपक्ष में कार्तिक भाटिया ने प्राप्त किया जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे. कार्यक्रम का आभार प्रो. सुमित मेडा, पंकज रसानिया सर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।



# प्याज को लेकर फिर सड़क पर उतरे धरती पुत्र

**सीतामऊ, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी में प्याज के कम भाव मिलने से किसानों का गुस्सा गुरुवार को एक बार फिर फूट पड़ा। आक्रोशित किसानों ने मंदसौर-सुवासरा रोड़ को जाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर एसडीएम शिवानी गर्ग, तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और समझाइश दी।

किसानों का आरोप है कि जो प्याज मंदसौर कृषि मंडी में 4200 रुपए तक बिक रा है। उसी प्याज के सीतामऊकृषि उपज मंडी में 2 हजार रुपए से भी कम दाम मिल रहे हैं। किसानों ने व्यापारियों पर मोनोपॉली का आरोप लगाया। काफी समझाइश के बाद किसान माने और जाम खुला। एसडीएम शिवानी गर्ग ने बताया कि किसानों ने प्याज के भाव को लेकर प्रदर्शन किया था। किसानों और व्यापारियों के बीच सामंजस्य बनाया गया है। सुवासरा कृषि मंडी के सचिव को बुलाकर उनकी उपस्थिति में प्याज की नीलामी का कार्य करवाया जा रहा है।



**लेटलाली**– श्री पशुपतिनाथ महादेव के मेले का औपचारिक शुभारंभ 12 नवंबर देव प्रबोधिनी एकादशी को हो गया था। लेकिन, शुभारंभ के पूर्व लगने वाले सीसीटीवी कैमरे गुरुवार 14 नवंबर को लगाए जा रहे थे। जबकि, ठेकेदार को मेला शुभारंभ से पहले ही संपूर्ण मेला क्षेत्र में कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम शुरु कर दिया जाना चाहिए था।

# 2 क्विंटल लहसून चोरी

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बाडे में रखी 2 क्विंटल लहसून चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया। खेडी मोहल्ला नाहरगढ़ निवासी महेश गुप्ता ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बाड़े में सात कट्टे लहसुन कम थे। तलाश की तो तीन कट्टेखेत में मिले, शेष चार कट्टों का पता नही चला। प्रति कट्टेमें 50 किलो लहसुन थी। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

# अतिथि शिक्षक भर्ती में बदलाव, ऑनलाइन मोड में होगी भर्ती

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। अतिथि शिक्षकों की भर्ती अब से ऑनलाइन मोड में होगी। अब तक ऑफलाइन मोड में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति होती थी, लेकिनद्ध वो व्यवस्था लगातार विवादों में घिरने के चलते स्कूल शिक्षा विभाग ने इसमें बदलाव किया है।**

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर बड़ा फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार, अब ऑनलाइन मोड में अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। बता दें कि, अब तक ऑफलाइन मोड में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाती थी, लेकिन वो व्यवस्था लगातार विवादों में घिरी रहती थी। जिसे मद्देनजर रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से फैसला लिया गया है कि अब सिर्फ ऑनलाइन मोड में ही नियुक्ति होगी।

स्कूल शिक्षा विभाग अब तक सभी जगहों पर अतिथि शिक्षकों को नहीं रख सका है। नवंबर में भी ये प्रक्रिया जारी रहने की उम्मीद है। इधर, फरवरी-मार्च महीने में परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा। ऐसे में जो अतिथि शिक्षक मौजूदा समय में रखे जा रहे हैं। अगर उनके सब्जेक्ट का रिजल्ट 30 फीसदी से कम रहा तो वो अगले सत्र में अतिथि शिक्षक नहीं बन सकेंगे।

**छात्रों को मिलेगा बेहद कम समय**–मौजूदा समय में जिन्हें इस पद पर रखा गया है या जल्द रिक्त पदों पर रखा जाएगा, उन्हें छात्रों को पढ़ाने के लिए मुश्किल से 3 महीने का समय ही मिलेगा। ऐसे में वे कोर्स भी पूरा करवाने की स्थिति में नहीं रहेंगे। अगर जल्दबाजी में कोर्स पूरा भी करवाया गया तब भी ये महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित विषय छात्रों को कितना समझ आएंगे। क्योंकि, उन्हें भी तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलेगा और इसका सीधा असर एग्जाम के रिजल्ट पर पड़ेगा। वहीं, इस मामले पर अतिथि शिक्षकों का कहना है कि, जो प्रक्रिया जून-जुलाई तक पूरी होनी थी वो नवंबर तक चल रही है। अब उन्हें पढ़ाने के लिए 100 दिन भी नहीं मिलेंगे। बीच में छुट्टियां भी पड़ती हैं। समय कम होने की वजह से रिजल्ट बिगड़ने की आशंका है।

# अन्नकूट आज

**पिपलियामंडी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कनघट्टी मार्ग स्थित शासकीय महाविद्यालय के सामने हनुमान मंदिर पर 15 नवम्बर को अन्नकूट का आयोजन होगा। मंदिर के सेवक लक्ष्माण चौहान ने बताया दोपहर 3 बजे आरती के बाद अन्नकूट प्रसाद का वितरण होगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 192 | 1902 | 2341 |
| उड़द | 115 | 5760 | 6800 |
| सोयाबीन | 4272 | 3600 | 4401 |
| गैहु | 2550 | 2650 | 3270 |
| चना | 167 | 5500 | 6480 |
| मसुर | 80 | 5699 | 6342 |
| धनिया | 310 | 4200 | 6851 |
| लहसुन | 12500 | 14000 | 30500 |
| मैथी | 690 | 4201 | 6401 |
| मुंगफली | 9000 | 3500 | 5225 |
| अलसी | 1490 | 5600 | 6100 |
| सरसो | 129 | 4500 | 5915 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 80 | 9800 | 12800 |
| प्याज | 1000 | 2000 | 4000 |
| कलोंजी | 8 | 10601 | 17600 |
| तुलसी बीज | 5 | 17901 | 21001 |
| डॉलर | 47 | 10300 | 12600 |
| तिल्ली | 30 | 8700 | 12399 |
| जौ | 12 | 2480 | 2530 |
| मटरसुखी | 15 | 2650 | 6452 |
| असालीया | 15 | 9500 | 11000 |
| चिया | 20 | 13951 | 16601 |







## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1545/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-11.11.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पति मनीष अग्रवाल निवासी 2 सुदामा नगर, रामटेकरी, मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 04.11.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 16.12.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | भूकि | 236 | 3.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.12.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-18963/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।





स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in